UPSI180018962021
न्यायलय Civil Judge Junior Division, Mahmoodabad, Sitapur
पीठासीन अधिकारी- (Amit Singh), (उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP02519

मूलवाद सं० Civil Suit/302/2021
Ramsagar and others Vs. Ramesh and others

रामसागर आदि------ बनाम-------रमेश आदि

02.09.2021

वादीगण द्वारा वाद–पत्र बाबत स्थाई निषेधाज्ञा जरिए अधिवक्ता श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा प्रस्तुत किया गया।

समस्त प्रपत्रों एवं मुंसरिम आख्या का अवलोकन किया गया।

आदेश

वाद दर्ज रजिस्टर हो। प्रतिवादीगण को सम्मन जारी हो। वादीगण पैरवी करे। पत्रावली वास्ते दाखिला जवाबदावा दिनांक 01.10.2021 एवं वास्ते विरचन वादबिन्दु दिनांक 08.10.2021 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP02519

प्रार्थना–पत्र 6ग2

वादी/प्रार्थीगण द्वारा प्रा0 पत्र 6ग2 इस कथन के साथ प्रस्तुत किया गया है कि वादी/प्रार्थीगण गाटा सं0 1290 रक्बा 0.013 हे0 स्थित ग्राम पैतेपुर परगना व तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर के संक्रमणीय भूमिधर, मालिक, काबिज हैं। प्रतिवादी/विपक्षीगण का वादग्रस्त भूमि से कोई वास्ता–सरोकार नहीं है। प्रतिवादी/विपक्षीगण वादग्रस्त भूमि पर जबरन हस्तक्षेप कर रहे हैं तथा उसपर कब्जा कर निर्माण करा लेना चाहते हैं। उपरोक्त कारणवश दौरान मुकदमा के लिए प्रतिवादी/विपक्षीगण को निषेधित कर दिया जाय। वादी/प्रार्थीगण की ओर से सूची 9ग से 10ग खतौनी एवं 11ग खसरा, 12ग नक्शा दाखिल किया गया है।

वादी/प्रार्थी की ओर से सूची 9ग से 10ग खतौनी के अवलोकन से विदित होता है कि वादग्रस्त भूमि गाटा सं0 1290 रक्बा 0.013 हे0 राजस्व अभिलेखों में वादीगण के नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर दर्ज है। वादी/प्रार्थी द्वारा अपने प्रार्थना–पत्र 6ग2 के समर्थन में एवं विवादित भूमि पर अपने अध्यासन के समर्थन में शपथ–पत्र का0 सं0 7ग2 एवं का0 सं0 11ग खसरा दाखिल किया गया है। प्रार्थी/वादीगण द्वारा दाखिल राजस्व प्रपत्रों तथा शपथ–पत्र के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला वादीगण का बनता है। अतः प्रस्तुत मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए न्यायहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि नियत तिथि तक के लिए विपक्षी/प्रतिवादीगण को प्रार्थी/वादी की उपरोक्त भूमि गाटा सं0 1290 रक्बा 0.013 हे0 स्थित ग्राम पैतेपुर परगना व तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर पर किसी प्रकार का कब्जा अथवा हस्तक्षेप करने से निषेधित कर दिया जाय। तद्नुसार इस स्तर पर विवादित स्थल को संरक्षित किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

आदेश

अग्रिम नियत तिथि तक प्रतिवादी/विपक्षीगण वादीय कृषि भूमि नम्बर 1290 रक्बा 0.013 हे0 स्थित ग्राम पैतेपुर परगना व तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर पर किसी प्रकार का हस्तक्षेप न कर। यह आदेश मात्र वादी/प्रार्थी एवं प्रतिवादी/विपक्षीगण के मध्य ही प्रभावी होगा। इस आदेश का प्रभाव सीमांकन कराने वाले सक्षम प्राधिकारी पर नहीं पड़ेगा। प्रार्थी/वादीगण आदेश 39 नियम 3 जा0दी0 का अनुपालन अविलम्ब करे। वादीगण के पैरवी करने के उपरान्त ही इस आदेश की प्रति जारी हो। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना–पत्र 6ग2 दिनांक–17.09.2021 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP02519

प्रार्थना–पत्र 8ग2

प्रार्थी/वादी की ओर से प्रार्थना–पत्र 8ग2 बाबत जारी किये जाने कमीशन प्रस्तुत किया गया।

सुना प्रपत्रों का अवलोकन किया।

न्यायहित में प्रार्थना–पत्र 8ग2 स्वीकार किया जाता है। सूची में नामित अगले कम के अधिवक्ता/कमिश्नर को कमीशन कार्य हेतु रिट जारी हो। वादी पैरवी करे। बाद पैरवी कमिश्नर नियत तिथि तक कमीशन कार्य निष्पादित कर अपनी आख्या व पैमाईशी मानचित्र प्रस्तुत करें।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP02519

अजय/स्टेनो

Digitally signed by Amit Singh
Date: 2021.09.03 14:34:35 IST
Reason: Order
Location: Civil Judge J.D./J.M. Mahmoodabad, Sitapur.